Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date – 12th November, 2024

How to go for Interview Preparation with AI

एआई की मदद से इस तरह करें इंटरव्यू की तैयारी

एआई ट्यूटोरियल्स

अजय सिरिल
आईआईएम ग्रेजुएट
एआई एक्सपर्ट

एआई ट्यूटोरियल्स की पिछली कड़ी में हमने जाना था कि कैसे परीक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस उपयोगी हो सकता है। परीक्षा के बाद सबसे अहम होता है इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन में सफलता प्राप्त करना। ये नौकरी पाने में निर्णायक साबित हो सकते हैं। ऐसे में जानते हैं कि एआई कैसे इंटरव्यू या अन्य सॉफ्ट स्किल्स सिखाने में मददगार है। साथ ही जानिए उन जरूरी टिप्स के बारे में जो आपकी सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाएंगी।

1. इंटरव्यू पार्टनर बनाइए, फीडबैक और गलतियां समझिए

इंटरव्यू में सबसे महत्वपूर्ण होता है अभ्यास। इसमें एआई आपका साथी बन सकता है। उदाहरण के लिए आपको प्रॉम्प्ट देना होगा, 'मुझे एक तकनीकी जॉब का इंटरव्यू देना है। ऐसे में आप एचआर इंटरव्यूअर की भूमिका निभाएं। लीडरशिप और टीमवर्क पर एक प्रोफेशनल इंटरव्यू करें। मेरे जवाब पर फीडबैक दें।' बस ऐसा करने पर एआई आपको बिना किसी जजमेंट के 24x7 इंटरव्यू प्रैक्टिस करा सकता है। इसके अलावा एआई से आप सेक्टर-स्पेसिफिक सवालों की भी तैयारी कर सकते हैं। बॉडी लैंग्वेज और संवाद के तरीके पर भी एआई से फीडबैक ले सकते हैं।

2. ग्रुप डिस्कशन की तैयारी करवाने में भी मददगार

आजकल नौकरी के लिए ग्रुप डिस्कशन काफी महत्वपूर्ण हो गया है। कई बार प्रतिभागी को नहीं मालूम होता कि डिस्कशन में अपनी अलग छाप कैसे छोड़ें। अगर आपको भी इसमें समस्या आती है तो एआई की मदद ले सकते हैं। इसके लिए यूं प्रॉम्प्ट दे सकते हैं, 'डिजिटल इंडिया पर विभिन्न दृष्टिकोणों के साथ एक ग्रुप डिस्कशन तैयार करें। मुझे चर्चा शुरू करने, महत्वपूर्ण बिंदु बताने और संवाद समाप्त करने के प्रभावी तरीके बताएं।' इस प्रॉम्प्ट पर एआई आपके लिए एक महत्वपूर्ण ग्रुप डिस्कशन तैयार कर सकेगा। इसके अलावा आप सामान्य विषयों की प्रैक्टिस भी एआई के साथ कर सकते हैं। कब बोलना है और चर्चा की शुरुआत कब करनी है, इस पर सुझाव मांग सकते हैं। गलतियों के विश्लेषण के लिए भी आप एआई से कह सकते हैं।

सॉफ्ट स्किल्स सीखने में ये टिप्स उपयोगी

- सरल प्रॉम्प्ट्स से शुरू करें और धीरे-धीरे अभ्यास के साथ जटिलता बढ़ाएं।
- अंग्रेजी और अपनी क्षेत्रीय भाषा दोनों में अभ्यास करें।
- बिजनेस या सेक्टर स्पेसिफिक टॉपिक पर ध्यान केंद्रित करें।
- अपने संवाद को रेलेवेंट बनाने के लिए क्षेत्रीय उदाहरणों का उपयोग जरूर करें।
- दिन में कम से कम 30 मिनट तक का अभ्यास जरूर करें।
- अपने उत्तर रिकॉर्ड करें और उनकी समीक्षा एआई से जरूर करवाएं।

3. पब्लिक स्पीकिंग कोच बनकर अभ्यास कराएगा

कई लोग पब्लिक स्पीकिंग में झिझकते हैं। लेकिन एआई इसमें काफी मददगार हो सकता है। यह आपको बता सकता है कि पांच मिनट की कोई स्पीच कैसे देनी है। इसमें आपकी कमियों पर भी एआई बात कर सकता है। साथ ही आपको जरूरी टिप्स दे सकता है। जैसे उदाहरण के लिए प्रॉम्प्ट दें, 'ईवी के बढ़ते चलन पर 5 मिनट की स्पीच तैयार करने में मदद करें। इसमें उन बिंदुओं को शामिल करें जहां मुझे रुकना, जोर देना और किसी पॉइंट को दोबारा दोहराना है। भारतीय संदर्भ से उदाहरण भी सुझाएं।' इस पर एआई आपको जरूरत के हिसाब से पूरी स्पीच बनाकर देगा। इसके अलावा एआई की मदद से आप अपनी स्पीच पर फीडबैक भी मांग सकते हैं। एआई वॉइस टूल का उपयोग या आवाज रिकॉर्ड करके आप स्पीच में सुझाव और क्या अच्छा है, वो पूछ सकते हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)